*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्‍वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्‍वविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

## फुटबॉल में एजुकेशन सुपर किंग्स की जीत

वर्धा, 13 फरवरी 2018: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के वार्षिक खेल प्रतियोगिता के फुटबॉल फाइनल में शिक्षा विद्यापीठ की एजुकेशन सुपर किंग्स टीम ने भाषा विद्यापीठ की टीम को -2 – 1 के अंतर से पीछे छोड़ते हुए फाइनल को जीत लिया। पहले 30 मिनट के हाफ के शुरू में ही भाषा की टीम 1 गोल दाग के आगे बढ़ गयी थी पर दुसरे हाफ के अंतिम 4 मिनट में एजुकेशन के कफ्तान




रवि शंकर आर्य ने लगातार अंतिम चौथे मिनट और दुसरे मिनट में दो गोल मार फाइनल अपने नाम किया। शुरुवात में एक गोल से पीछे होने पर शिक्षा ने अटैकिंग खेलना शुरू कर दिया और लगातार 10 मौके गवाने के बाद अंतिम चार मिनट में दो गोल दाग शिक्षा विभाग बढ़त बना ले गयी। इस फाइनल मैच में एजुकेशन सुपर किंग्स के खिलाड़ी मनीष मिश्र (कफ्तान ), रविशंकर आर्य (उप- कफ्तान), नंदन चन्द्र पानी (गोल-कीपर) , रवि सोरेन, दया शंकर मिश्र, श्यांतन मित्रा , दीपक सिंह , मुन्नू राणा , जसपिंदर , रघुनाथ प्रधान , प्रिंस कुमार , सुख राम , बिजेंद्र कुमार , इरशाद अंसारी , धर्मेन्द्र तिवारी , आशीष कुमार और टीम के कोच रहे अभिषेक सिंह। इस प्रतियोगिता के श्रेष्ठ गोल कीपर शिक्षा विद्यापीठ





के नंदन चन्द्र पानी, श्रेष्ठ प्लेयर प्रतियोगिता की रवि सोरेन (शिक्षा विद्यापीठ), गोल्डन बूट – बबलू हंसदा (संस्कृति विद्यापीठ) को प्राप्त हुआ।